म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

क्रमांक / बोर्ड / दूरभाष. / 2019–20 / 399 भोपाल, दिनांक 19 / 03 / 2019

परिपत्र / दिशा निर्देश

1. म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यालय द्वारा सी.यू.जी. प्लान के अन्तर्गत सिमकार्ड उपलब्ध कराने हेतु भारतीय एयरटेल कम्पनी से अनुबंध निष्पादित किया गया है। सी.यू.जी. प्लान की सुविधा मुख्यालय में पदस्थ अपर संचालक, संयुक्त संचालक, मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, एवं प्रदेश की "257" कृषि उपज मंडी समितियों के सचिवो एवं उपयंत्रीयों तक साथ ही मंडी बोर्ड के समस्त आचंलिक कार्योलयों के संयुक्त संचालको, उपसंचालको, कार्यपालन यंत्रियों एवं सहायक यंत्रियों तक लागू होगी।

2. कृषि उपज मंडी समितियों के सचिवो एवं मंडी बोर्ड के आंचलिक कार्यालयों के अधिकारियों को जो भी सिमकार्ड उपलब्ध कराया जायेगा। उनके स्थानान्तरण के समय नवीन आगन्तुक सचिव एवं अधिकारी को उक्त सिमकार्ड हेण्डओवर करना होगा।

3. सिमकार्ड उपलब्ध कराये गये अधिकारियों / मंडी सचिवो को अपने स्तर से स्मार्ट फोन की व्यवस्था करनी होगी।

4. आवंटित सिम के गुम जाने एवं टूट–फूट हो जाने की स्थिति में उसकी सूचना मुख्यालय की दूरभाष शाखा को एवं नजदीक के पुलिस थाने में करनी होगी।

5. एयरटेल कम्पनी के उपलब्ध सिमकार्ड पर राशि रूपये 199/–के प्लान में 100 एस.एम.एस. प्रतिदिन फ्री तथा एयरटेल टू एयरटेल एस.एम.एस. अनलिमिटेड, एस.टी.डी. अनलिमिटेड, तथा इनकामिन आउट–गोईग फ्री की पूर्ण सुविधा होगी। और 25 जी.बी. 4 जी./3 जी/2 जी डाटा उपलब्ध रहेगा।

6. किसी माह अगर 25 जी.बी. डाटा पूरा उपयोग नही होता है तो शेष डाटा अगले माह में जुड़ जावेगा।

7. एयरटेल कम्पनी के देयकों का प्रतिमाह भुगतान मुख्यालय स्तर से किया जावेगा।

8. एयरटेल कम्पनी के नेटवर्क या अन्य किसी भी सुविधा में परेशानी आती है, तो उसकी सूचना तत्काल मुख्यालय की दूरभाष शाखा को दी जानी होगी।

9. कार्यालयीन आदेश कमांक 291–292 दिनांक 05.07.2010 को जारी आदेश द्वारा मंडी बोर्ड मुख्यालय में पदस्थ अधिकारियों एवं आंचलिक कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियो को मोबाईल की व्यय की प्रतिपूर्ति राशि रूपये 1000/–एवं रूपये 500/–एवं 300/–वर्तमान में देय थी, वह दिनांक 31.03.2019 से स्वमेव ही समाप्त हो जावेगी।

10. यह सुविधा 24 घंटे कियाशील रहेगी।

(माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमोदित)

(फैज अहमद किदवई)
प्रबंध संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

क्रमांक/बोर्ड/दूरभाष./2019–20/400 भोपाल, दिनांक 19/03/2019

प्रतिलिपिः–

1. निज सहायक प्रबंध संचालक, मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अपर संचालक, (समस्त) मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. अधीक्षण यंत्री, मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4 संयुक्त संचालक/उपसंचालक/कार्यापालन यंत्री मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
5. सहायक संचालक/अनुभाग अधिकारी मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
6. मंडी बोर्ड के समस्त आंचलिक कार्यालय के संयुक्त संचालको/कार्यपालन यंत्रियों/सहायक यंत्रियों को सूचनार्थ प्रेषित।
7. प्रबंधक, एयरटेल कम्पनी, भोपाल की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
8 प्रदेश की 257 कृषि उपज मडी समितियों के सचिवों की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
9. सूचना पटल, मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल ।

प्रबंध संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल